



## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में कोरोना के 33 नए मामले

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना की दूसरी लहर कमजोर पड़ चुकी है। इस मोर्च पर अब राहत के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं, जिसकी आंकड़े भी तस्दीक कर रहे हैं। बुधवार को प्रदेश में कोरोना के 33 मामले आए, जबकि एक मरीज की मौत हुई। इधर, विभिन्न जनपदों में 140 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। अच्छी बात ये है कि संक्रमितों की तुलना में कहीं ज्यादा लोग हर दिन स्वस्थ हो रहे हैं। ऐसे में सक्रिय मामले भी घटकर 711 रह गए हैं।

### बिजली का झुका पोल दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण

**संवाददाता** मसूरी। झड़ीपानी स्थित विद्युत का एक पोल एक ओर झुका होने के कारण दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है। जब कि यह पोल ग्यारह हजार वोल्ट की हाई टेंशन का है जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। क्षेत्रीय सभासद सुरेश थपलियाल ने बताया कि झडीपानी क्षेत्र में एक विद्युत पोल लंबे समय से झुका है जिस पर ग्यारह हजार वोल्ट की लाइन जा रही है जिसके कभी भी गिरने से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार उच्चाधिकारियों को मौखिक और लिखित रूप से भी अवगत कराया गया है लेकिन इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### स्केचर्स फोमीज लेकर आया है रंग–बिरंगे और आरामदायक फुटवेयर

**संवाददाता** देहरादून। कम्फर्ट टेक्नोलॉजी कंपनी स्केचर्स ने स्केचर्स फोमीज के नाम से एक नया और रंग–बिरंगा कलेक्शन लॉन्च किया है। इन्हें हल्के वजन वाले ईवीए फोम से तैयार किया गया है, जो पूरे दिन आराम देता है। ये फुटवेयर आपके पास जरूर होने चाहिये। स्केचर्स फोमीज कलेक्शन में सैंडल्स और स्लिप–ऑन स्टाइल्स की एक रेंज है, जिन्हें रोजाना पहने जाने वाले कपड़ों के साथ इस्तेमाल करने लिये तैयार किया गया है।

### जल संस्थान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रमोद व महासचिव महावीर चुने गये

**संवाददाता** मसूरी। उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संघ मसूरी का वार्षिक चुनाव कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए चुनाव अधिकारी सहायक अभियंता टीएस रावत की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव में प्रमोद कटियार अध्यक्ष व महावीर नौटियाल महासचिव बनाये गये। उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संघ मसूरी का वार्षिक चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव से पहले कर्मचारी संघ की बैठक की गई जिसमें वर्ष भर की गतिविधियों पर चर्चा की गई व आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान कोरोना गाइड लाइन का पूरी तरह पालन किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है: सीएम

**आवास योजना**

■ प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 240 लाभार्थियों को दिया गया आवास कब्जा

■ मुख्यमंत्री ने 10 लाभार्थियों को प्रदान किये आवास के कब्जे से संबंधित कागजात

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित 240 ई.डब्ल्यू.एस लाभार्थियों को आवास कब्जा स्थानान्तरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 10 लाभार्थियों को आवास कब्जा प्रदान किया। शेष सभी लाभार्थियों को मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा आवास के कब्जे दिये जा रहे हैं। आलयम् आवासीय योजना के तहत ये आवास आमवाला, तरला, सहस्त्रधारा रोड़ में बनाये गये हैं।



मुख्यमंत्री द्वारा जिन लाभार्थियों को आवास का कब्जा दिया गया उनमें श्रीमती रश्मि पाण्डेय, श्रीमती निताशा सैनी, श्रीमती रामबती, श्री संतोष सिंह,श्रीमती इकादशी भट्ट, श्रीमती रेनू, श्रीमती बबीता रावत, सतपाल श्रीमती शालू, श्रीमती आरती शामिल हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा चलाई गई प्रधानमंत्री आवास योजना से अनेक जरूरतमंद लोगों के अपने घर का सपना पूरा हो रहा है। आर्थिक रूप से गरीबों के लिए लिए यह योजना वरदान साबित हुई है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को मात्र 06 लाख रूपये में आवास मिल रहा है। जिसमें से 1.50 लाख केन्द्रांश एवं 01 लाख राज्यांश दिया जा रहा है। लाभार्थी को केवल 3.50 लाख रूपये में आवास प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले आवासों के कार्यों में तेजी लाई जायेगी।

उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि आमवाला, तरला, सहस्त्रधारा रोड़ में ई.डब्ल्यू.एस के लिए कुल 240 आवास बनाये गये हैं। जिसमें 15 ब्लॉक्स एवं 30 पार्किंग बनाई गई है। इस परियोजना के तहत आवासीय ईकाई का सुपर ऐरिया 505.04 वर्ग फुट एवं आच्छादित क्षेत्रफल 237.56 वर्ग फुट है। नगर निगम द्वारा चिन्हित पात्र अभ्यार्थियों में से लॉटरी द्वारा आंवटियों का चयन किया गया है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक उमेश शर्मा काऊ, सचिव मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण पी.सी. दुमका एवं सभी लाभार्थी मौजूद थे।

### सीएम ने 80 आक्सीजन कन्सन्ट्रेटर राज्य के 09 जनपदों के लिए रवाना किए

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम कैम्प कार्यालय में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में 80 आक्सीजन कन्सन्ट्रेटर राज्य के 09 जनपदों के लिए रवाना किए। आईसीआईसीआई फाउन्डेशन द्वारा राज्य के ग्रामीण व अर्ध शहरी क्षेत्रों के लिए ये 80 आक्सीजन कन्सन्ट्रेटर राज्य सरकार को उपलब्ध करवाए गए हैं। देहरादून, नैनीताल, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, चमोली, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, रूद्रप्रयाग और टिहरी जिलों में ये आक्सीजन कन्सन्ट्रेटर भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सम्मिलित प्रयासों से कोविड से लड़ाई में जीत हासिल की जा सकती है। पिछले कुछ समय में कोविड संक्रमण के मामलों में कमी आई है, परंतु अभी भी पूरी सावधानी व सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कोविड की तीसरी लहर की सम्भावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने पूरी तैयारी की है। हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

# सभी को पौथारोपण करने का लेना होगा संकल्प

**हरेला पर्व**

■ जुलाई एवं अगस्त माह का समय वृक्षारोपण के लिए सबसे उपयुक्तः सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार रोड, देहरादून स्थित एक स्थानीय वेडिंग प्वाइंट में हरेला पर्व पर आयोजित वृक्षदान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विधायकगणों एवं अन्य गणमान्यों को वृक्षारोपण हेतु वृक्ष दिये और लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने को कहा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 जुलाई को उत्तराखण्ड में हरेला पर्व मनाया जाता है। प्रकृति के संरक्षण के उद्देश्य से उत्तराखण्ड में हरेला पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के लिए हरेला पर्व के अवसर पर सभी को वृक्षारोपण करने का संकल्प लेना होगा। जुलाई एवं अगस्त माह का समय वृक्षारोपण के लिए सबसे उपयुक्त है। हमें अपनी परम्पराओं एवं परिवेश को बढ़ावा देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विज्ञान तेजी से प्रगति कर रहा है, वैज्ञानिक प्रगति के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमें और तेजी से आगे बढ़ना होगा। नमामि गंगे के तहत इस दिशा में सराहनीय प्रयास हुए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि पर्यावरणीय सन्तुलन बहुत जरूरी है। व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कर सबको अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। पीपल एवं बरगद के अधिक वृक्षारोपण पर हमें ध्यान देना होगा।

इस अवसर पर विधायक विनोद चमोली, मुन्ना सिंह चौहान, सहदेव सिंह पुण्डीर, खजानदास, मेयर सुनील उनियाल गामा, देहरादून की जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु चौहान, भाजपा के महानगर अध्यक्ष श्री सीताराम भट्ट उपस्थित थे।

### भाजपा ने हमेशा युवाओं को छलने का काम किया हैः डॉः प्रतिमा सिंह

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ मंत्री सतपाल महाराज के सिंचाई विभाग में रिक्त पदों पर शीघ्र बरोजगारों को भर्ती किये जाने का भाजपा सरकार का चुनावी जुमला करार देते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा को युवा बेरोजगारों की याद आने लगी है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ प्रतिमा सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार को साढे चार साल बीत चुके हैं परन्तु आज तक एक भी पद के लिए विज्ञप्ति जारी नहीं की गई परन्तु अब चुनाव आते ही भाजपा सरकार के मंत्री का बयान बेरोजगार युवाओं का उपहास उड़ाने जैसा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि चाहे केन्द्र में प्रधानमंत्री मोदी की युवाओं को लेकर घोषणायें हों या प्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्री व मंत्रियों की सभी ने राज्य के बेरोजगार युवाओं के जज्बातों से खेलने का काम किया है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।